अफीम तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

हनुमानगढ़,(कासं)। संगरिया थाना क्षेत्र के निवासी युवक को पुलिस ने अफीम तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वांछित आरोपी का नाम अफीम तस्कर ने सप्लायर के रूप में लिया था। फिलहाल अफीम सप्लायर से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

संगरिया सीओ करण सिंह ने बताया कि टिब्बी पुलिस ने मामला संख्या 328/2025 धारा 8/18, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त हरिपुरा, संगरिया निवासी दीपचंद (36) पुत्र साहबराम नायक को गिरफ्तार किया। मामला 15 जून 2025 का है। उस दिन संगरिया पुलिस थाने के प्रमोद सिंह ने अपनी टीम के साथ लखविंदर सिंह उर्फ खिंदा (28) को 932 ग्राम अफीम के साथ बाइक सहित गिरफ्तार किया था। मामले की जांच टिब्बी थाना प्रभारी हंसराज लुणा को सौंपी गई।

पूछताछ के दौरान लखविंदर सिंह ने खुलासा किया कि उसने यह अफीम हरिपुरा निवासी दीपचंद से खरीदी थी। इसके बाद पुलिस ने दीपचंद की तलाश शुरू की। टिब्बी थानाधिकारी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमें बनाई गई। पुलिस ने कई बार आरोपी के घर और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। आरोपी दीपचंद गिरफ्तारी के डर से फरार था। डीएसटी सेक्टर हनुमानगढ़ की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस अभियान में थानाधिकारी हंसराज लुणा, प्रकाश चंद, श्रवण कुमार, संदीप कुमार और जीतराम के नेतृत्व वाली डीएसटी टीम सेक्टर हनुमानगढ़ का विशेष योगदान रहा।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में निगम बांटेगा प्लांटेबल किट

बीकानेर,(कासं)। स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने रविवार को करणी सिंह स्टेडियम परिसर में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय समारोह को लेकर टैंट, पानी, साउंड, सफाई व्यवस्था व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी इत्यादि को लेकर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में निगम कमिश्नर मयंक मनीष

- **प्लांटेबल किट को उपयोग में लेने के बाद मिट्टी में रोपने पर पौधे का विकास होगा**

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने डॉ. करणीसिंह स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय समारोह में निगम पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को लेकर एक अभिनव पहल करने जा रहा है। जिला स्तरीय समारोह में भागीदारी करने वाले सभी आगंतुकों और बच्चों को विशेष 'प्लांटेबल किट' का वितरण किया जायेगा।

यह किट पूरी तरह पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का संग्रह है, जिसमें प्लांटेबल रिस्टबैंड, प्लांटेबल पेंसिल और प्लांटेबल फ्लैग बैज शामिल है। मनीष ने बताया कि प्लांटेबल रिस्टबैंड जैविक और बायोडिग्रेडेबल सामग्री से, प्लांटेबल पेंसिल इको-फ्रेंडली लकड़ी से और प्लांटेबल फ्लैग बैज राष्ट्रीय ध्वज के आकार में पूरी तरह बायोडिग्रेडेबल पेपर और सुरक्षित रंगों से निर्मित है। इसको उपयोग में लेने के बाद मिट्टी में रोपा जा सकता है जिससे पौधे का विकास होता है। प्लांटेबल रिस्टबैंड में तुलसी के बीज और प्लांटेबल पेंसिल व फ्लैग में गेंदे के बीज डाले गए हैं। सभी प्लांटेबल उत्पादों के साथ सरल पौधारोपण एवं देखरेख के निर्देश उपलब्ध कराए जायेंगे, जिससे स्वतंत्रता दिवस की यह पहल बीकानेर में स्थायी पर्यावरणीय प्रभाव छोड़ेगी।

जिला कलेक्टर ने निगम की इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि निगम की यह पहल मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान-हरयालो राजस्थान के संकल्प को भी सशक्त करेगा। जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय समारोह में समय का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक के बाद जिला कलेक्टर ने स्टेडियम का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष, एडीएम सिटी रमेश देव, निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, सीडीईओ महेन्द्र शर्मा, पीडब्लयूडी अधिशासी अभियंता गहलोत, सहायक अभियंता कमल भोजक, जिला खेल अधिकारी श्रवण भाम्भू, आरएसआरडीसी से महेन्द्र चौपड़ा, संजय पुरोहित, महावीर स्वामी इत्यादि उपस्थित थे।

बीकानेर जिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन आज भामसं जिला कार्यालय नया शहर थाने के पीछे बीकानेर पर किया गया। जिला अध्यक्ष गंगा मेघवंशी ने बताया कि आंगनबाड़ी महिलाओं को अपने आवंटित काम के अलावा भी बहुत से कार्य दिए जाते है और उन कार्यों का कोई अतिरिक्त पैसा नहीं दिया जाता है।

एक्सपायरी कोल्डड्रिंक नष्ट की गई

हनुमानगढ़,(कासं)। जिले के नोहर में चल रहे गोगामेड़ी मेले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा नियमित रूप से सैम्पल लिए जा रहे हैं। रविवार को जांच के दौरान 45 लीटर खराब कोल्ड ड्रिंक मौके पर नष्ट करवाई गई। व्यापारियों को शुद्ध एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुदेश कुमार गर्ग ने मेले में खाद्य सामग्री बेच रहे अनेक दुकानों की जांच की। आज कुल 12 सैम्पल लिए गए। इनमें 6 सैम्पल एक्ट के अंतर्गत और 6 सैम्पल सर्विलांस के अंतर्गत संग्रहित किए गए। मजीसा जोधपुर मिष्ठान भण्डार से कलाकंद का सैम्पल लिया गया। बालाजी स्वीट्स से पेडा, अर्चना मिष्ठान भण्डार से जलेबी, गोगा भोग भण्डार से लड्डू संग्रहित किए गए।

गौरव यूपी वाले से लड्डू, बीकाणा स्वाद मिठाई एण्ड नमकीन से मावा भी जांच के लिए लिया गया। बालाजी शुद्ध भोजनालय से हल्दी पाउडर और लाल मिर्च पाउडर के सैम्पल लिए गए। हिमांक कुल्फी एण्ड आइसक्रीम से रबड़ी आइसक्रीम और रबड़ी कुल्फी आइसक्रीम के सैम्पल भी संग्रहित किए गए। सभी दुकानदारों को एक्सपायर सामग्री दुकान में नहीं रखने के लिए निर्देश दिए गए। साफ-सफाई रखने के लिए निर्देश भी जारी किए गए। संग्रहित किए गए सभी सैम्पल को जांच के लिए बीकानेर स्थित जन स्वास्थ्य लैब भेज दिया गया है।

सार-समाचार

विद्यालयी खेल कलेंडर जारी

विधायक जेठानंद व्यास ने जिला स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का कलेंडर जारी किया।

बीकानेर, (कासं)। 69 वीं जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता माध्यमिक और उच्च माध्यमिक का खेल कलेंडर आज बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने जारी किया। इस दौरान उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा अनिल बोड़ा, खेल प्रभारी रामेंद्र हर्ष, रामकुमार पुरोहित सहित क्रिकेट कोच मनोज व्यास, नारायण दास पणया, योग के राजेंद्र व्यास, सुरेन्द्र हर्ष, तीरंदाजी के आनंद स्वामी, जिम्नास्टिक के शिवराज सिंह शेखावत, टेनिस के मोहमद नईम, वॉलीबॉल के धूमल भाटी सहित बड़ी संख्या में कोच, शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे। अनिल बोड़ा ने बताया कि चार समूह में होने वाली इस प्रतियोगिता की शुरूआत 30 अगस्त से होगी। इसके सफल संचालन हेतु उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा अनिल बोड़ा और रामकुमार पुरोहित, रामेन्द्र हर्ष खेल प्रभारी द्वारा विभिन्न आयोजन स्थलों का मीटिंग कर पूर्व में निर्धारण कर दिया गया है। पिछले वर्ष पूरे प्रदेश में खेलकूद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विधायक व्यास ने बोड़ा और पूरी टीम को बधाई देते हुए इस वर्ष भी राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर स्तर पर पूरा सहयोग की घोषणा की। प्रथम समूह में कुल 11 विभिन्न खेलों की प्रतियोगता होगी। जबकि दूसरे समूह में 10 तीसरे में 11 तथा अंतिम चौथे समूह में एक एथलेटिक्स का आयोजन होगा। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक किशन दान चारण और शारीरिक शिक्षा के उप जिला शिक्षा अधिकारी अनिल बोड़ा ने विधायक जेठानंद व्यास का आभार व्यक्त किया।

भाजपाईयों ने तिरंगा यात्रा निकाली

भाजपा लालगढ़ मण्डल के कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली।

बीकानेर, (कासं)। लालगढ़ मंडल की कार्यशाला रखी गई हर घर तिरंगा अभियान के लिए मंडल अध्यक्ष धर्मपाल डूडी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता शहर जिला महामंत्री कौशल शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बारे बताया और मंडल की आगामी गतिविधियों की चर्चा की। शहर महामंत्री श्याम सिंह हाड़ला ने आगामी कार्यक्रमों के लिए योजना बनाई। शहर जिला मंत्री विनोद करोल ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला के बाद में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसे जिला महामंत्री कौशल शर्मा व श्याम सिंह हाड़ला ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मीडिया संयोजक कमल गहलोत ने बताया कि लालगढ मंडल की तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष धर्मपाल डूडी, मंडल संयोजक विश्वजीत सिंह पंवार, मंडव महामंत्री फारूक चौहान, मंडल उपाध्यक्ष भगवान भाटी, विजय लक्ष्मी राजपुरोहित, धनराज प्रजापत, मंजुलता रावत ,पार्षद अनूप गहलोत, मांगीलाल बिश्नोई, मनीषा कंवर, नवल कुमार, अशोक राजपुरोहित, सिकंदर भाटी, कन्हैयालाल, प्रेम बिश्नोई, शारदा नायक, सावंत सिंह भाटी, मुकेश मोदी, सुभाष बिश्नोई, मुकेश जोशी आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

सेल्फी प्वाइंट का निर्माण शुरू

अनूपगढ़, (कासं)। बेटियों की भूमिका को सम्मान और पहचान देने के लिए एक नई पहल की जा रही है। शहर के पब्लिक पार्क के पास नगर पालिका द्वारा 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान के संदेश को फैलाने के लिए एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट का निर्माण शुरू किया गया है। इस सेल्फी प्वाइंट की सबसे खास विशेषता चार अष्टधातु की बेटियों की मूर्तियां हैं। पहली मूर्ति एक इंजीनियर बेटी की है, जो आधुनिक भारत के निर्माण का प्रतीक है। दूसरी मूर्ति डॉक्टर बेटी की है, जो सेवा और जीवन रक्षा की भावना दर्शाती है। तीसरी मूर्ति पारंपरिक वादक बेटी की है, जो भारतीय संस्कृति और संगीत से जुड़ाव दिखाती है। चौथी मूर्ति एक महिला पुलिस अधिकारी की है, जो बेटियों के साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है। सेल्फी प्वाइंट को धौलपुर के पत्थर से सजाया जा रहा है और इसे 90 रंगीन लाइट्स से प्रकाशित किया जायेगा। मंच के सामने दो श्वेत संगमरमर से बने बब्बर शेरों की स्थापना की जायेगी। ये शौर्य और सुरक्षा के प्रतीक होंगे। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान ने कहा कि यह स्थान केवल एक फोटो खिंचवाने की जगह नहीं होगा बल्कि यह हर आने वाले व्यक्ति को बेटियों की शक्ति, संघर्ष और सफलता की कहानी सुनायेगा। यह सेल्फी प्वाइंट विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, जहां वे गर्व के साथ तस्वीरें खींच सकेंगे और अपने विचारों को सोशल मीडिया के जरिए साझा कर सकेंगे। इसे पब्लिक पार्क के पास बनाया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसे देख सके।

झंडारोहण और राष्ट्रगान के साथ गोगामेड़ी मेले का शुभारंभ

हनुमानगढ़, (कासं)। उत्तरी भारत के सबसे बड़े सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक गोगामेड़ी मेले का विधिवत पूजा-अर्चना, झंडारोहण और राष्ट्रगान के साथ शुभारंभ किया गया।

जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव, भादरा विधायक संजीव बेनीवाल और एसपी हरिशंकर ने शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने गोगाजी की समाधि पर चादर चढ़ाई और माथा टेक कर जिलेवासियों की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अस्थायी टैंट लगाकर रैन बसेरे की व्यवस्था की जा रही है। मेले में आमजन के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जायेगी। डॉ. यादव ने

- **कलेक्टर, विधायक और एसपी ने किया गोगामेड़ी मेले का उद्घाटन, मेले को छह सेक्टर में बांटा**
- **गोगामेड़ी मेले में 250 कैमरों से होगी निगरानी**

प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस, चिकित्सा, पशुपालन एवं देवस्थान विभाग के अधिकारियों के साथ मेला मजिस्ट्रेट कार्यालय में बैठक भी ली। डॉ. यादव ने बताया कि आज से प्रारंभ होकर गोगामेड़ी का मेला एक माह तक चलेगा। प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं की हैं। बैरिकेडिंग, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत, फायर ब्रिगेड ओर सुरक्षा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल इस मेले को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से संपन्न कराना हम सबकी जिम्मेदारी है।

भादरा विधायक संजीव बेनीवाल ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए अधिकारियों से कहा कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। अनेक राज्यों से श्रद्धालु गोगाजी की पावन भूमि पर आते हैं। यह मेला न केवल दर्शन लाभ का अवसर देता है, बल्कि संस्कृति के संवर्धन एवं रोजगार सृजन में भी सहायक है। हम वसुधैव कुटुंबकम की भावना और सभी धर्मों के प्रति प्रेम भाव रखने वाली संस्कृति से जुड़े हैं। नोहर प्रधान सोहन ढील ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।

गुरू सालम नाथ वाटिका का शुभारंभ

नोखा, (कासं)। नोखा क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत बंधडा में गुरू सालम नाथ वाटिका का विधिवत शुभारंभ बालाजी सेवा धाम के महंत महामंडलेश्वर बजरंग दास महाराज ने किया। इस अवसर पर 111 पौधे लगाकर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे क्षेत्र में दिया गया।

महंत बजरंग दास महाराज ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण की सेवा नहीं बल्कि ईश्वर की पूजा के समान है। यह आने वाली पीढियों के लिए जीवनदायिनी धरोहर है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधों की देखभाल और वाटिका को हमेशा हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में श्रवण सियाग, ग्राम पंचायत-बंधड़ा, श्यामसुंदर चौधरी प्रधानाचार्य राउमावि बंधड़ा, खींयाराम बेनीवाल, पंचायत समिति-पांचू और रविन्द्र सिंह ग्राम विकास अधिकारी बंधड़ा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

गंगाशहर में 2.33 बीघा जमीन विवादों के घेरे में

बीकानेर, (कासं)। गंगाशहर में गंदे पानी के जमाव वाले क्षेत्र चांदमल बाग के चार खसरों की करीब 2.33 बीघा जमीन विवादों के घेरे में आ गई है। नगर निगम इस जमीन को अपनी मान रहा था, लेकिन पानी निकालने के लिए पंप हाउस बनाते ही वहां काश्तकारों ने दावेदारी जता दी है।

गंगाशहर में चांदमल बाग क्षेत्र मिनी सूरसागर बन चुका था। वहां गंदे पानी के जमाव और बारिश के दिनों में आसपास रहने वालों के घर जलमग्न हो जाते थे। नगर निगम सालों से इस गंभीर समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर सका। अब नगर निगम ने गंदे और बरसाती पानी को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए वहां पंप हाउस बना दिया गया है।

इससे गंदे पानी के जमाव की समस्या का समाधान हो जायेगा। पंप हाउस से चांदमल बाग के आसपास की जमीन खाली हो गई है। इस क्षेत्र में

- **नगर निगम मान रहा था अपनी, अब काश्तकारों का दावा**
- **काश्तकारों ने जमीन की जमाबंदी पेश की**

नगर निगम का कब्जा रहा है, लेकिन अब काश्तकारों ने वहां दावेदारी जता दी है। किशमीदेसर गांव में हल्का गंगाशहर तहसील के खसरा नंबर 70, 71, 72 और 73 में कुल 0.5900 हेक्टेयर यानी करीब 2.33 बीघा जमीन विवादों में आ गई है। काश्तकारों ने जमीन की जमाबंदी पेश की है। नगर निगम के अधिकारी अब रिकॉर्ड खंगाल रहे हैं। हल्का पटवारी और तहसीलदार (राजस्व) से चारों खसरों की जानकारी मांगी गई है।

राखी बंधवाने जा रहे भाई की हादसे में मौत

बीकानेर, (कासं)। रक्षा बंधन पर अपनी पत्नी और बेटे के साथ बाइक पर जा रहे युवक की बस से टक्कर हो गई। युवक की इलाज के दौरान बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की दो बहनें अपने ससुराल में भाई का राखी के लिए इंतजार ही करती रह गई। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में शनिवार शाम गांव लाछड़सर में घर के इकलौते चिराग की चिता जली तो हर किसी की आंख नम हो गई।

दरअसल 29 वर्षीय हरिराम पुत्र भजनाराम प्रजापत अपनी पत्नी व इकलौते बेटे मुकेश (9) के साथ बाइक पर जोधासर गांव जा रहा था। गांव बेनीसर के फांटे के पास युवक की मोटरसाइकिल एक खड़ी बस में पीछे

- **श्रीडूंगरगढ़ में शनिवार शाम गांव लाछड़सर में घर के इकलौते चिराग की चिता जली तो हर किसी की आंख नम हो गई**

से जा टकराई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उप जिला अस्पताल लाया गया और यहां से गंभीर हालत में बीकानेर रेफर कर दिया गया। बीकानेर पीबीएम अस्पताल पहुंचने के कुछ ही देर बाद युवक ने दम तोड़ दिया। युवक के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी।

एक किलो गांजा सहित गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुरानी आबादी पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के आरोप में पकड़ा।

एसएचओ ज्योति नायक की ओर से शक्तिनगर निवासी 26 वर्षीय आरोपी राहुल उर्फ गग्गी पुत्र प्रवीण कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इसकी जांच जवाहर नगर थाने में तैनात एसआई राजकुमार मजोका को सौंपी गई है।

एसएचओ ने बताया कि वे रीडर चरणसिंह, कांस्टेबल रोहिताश और दिलावर खान के साथ गश्त पर थे। इस दौरान कुंज विहार सेकंड कॉलोनी में आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। आरोपी को राउंडअप किया तो उसके पास से 1096 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। मामले में जांच शुरू कर दी है।

नालों का काम काफी धीमा होने से आवागमन में बाधा

श्रीगंगानगर, (कासं)। किसान चौक से पदमपुर बाइपास रोड पर ज्यादातर वाहन चालक डिवाइडर के एक ही तरफ से आवागमन करने को मजबूर हैं। वजह है यूआईटी की ओर से हाल ही में शहर से पानी निकासी के नाम पर अवाप्तशुदा 47 बीघा भूमि में बरसाती पानी जमा कर देना। यूआईटी ने अब इस 47 बीघा भूखंड को जल भराव क्षेत्र घोषित कर दिया है।

यूआईटी ने यहां कई जगहों पर चेतावनी बोर्ड लगाये हैं। जिस पर लिखा गया है कि यह जल भराव क्षेत्र है। इसके बंधों के नजदीक जाने से दुर्घटना हो सकती है। अत: इसके नजदीक जाना मना है।

उल्लेखनीय है कि बारिश के बाद

- **बारिश के बाद हालात बिगड़े तो यूआईटी ने रातों रात राधा स्वामी डेरा से लेकर सहारा की जमीन तक नाला खोद पानी निकासी शुरू करा दी**

हालात बिगड़े तो यूआईटी ने रातों रात राधा स्वामी डेरा से लेकर सहारा की जमीन तक नाला खोद पानी निकासी शुरू करा दी। वहीं एसटीपी से राधा स्वामी व भाजपा कार्यालय के पास से किसान चौक की तरफ नाला बनाना शुरू कर दिया। लेकिन वर्तमान में नालों का काम काफी धीमा हो गया है।

न्यास अधिकारियों का कहना है कि पानी भर जाने की वजह से नालों का काम धीमा हुआ है। एक-दो दिन में फिर से काम तेजी से शुरू कराया जायेगा। वहीं यूआईटी सचिव अशोक कुमार असीजा का कहना है कि वर्षा जल निकासी योजना पर न्यास 9.50 करोड़ रूपए खर्च करेगी। एसटीपी से कोडियोंवाली पुली तक साढ़े चार किमी. पाइपलाइन डाली जायेगी। एसटीपी के पीछे 1 एफ छोटी के मुरब्बा नंबर 18 व 19 की 42 बीघा भूमि पर 20 लाख लीटर क्षमता की दो बड़ी डिग्गियों का निर्माण कराया गया है।

अब सभी खेल प्रशिक्षकों की होगी बायोमेट्रिक उपस्थिति

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों की अच्छी कोचिंग मिलने को लेकर रविवार को श्री करणी सिंह स्टेडियम में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में जिला कलेक्टर ने जिला खेल अधिकारी से जिले में संविदा पर लगाये गए विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों की संख्या, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, खेल सामग्री की उपलब्धता, सफाई व गार्ड की व्यवस्था, स्टेडियम में रखरखाव, सुपरवाइजर लगाने, स्टेडियम में घास लगाने, इंडोर स्टेडियम को किराये पर देने को लेकर रेट बढ़ाने इत्यादि को लेकर विस्तृत समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने इंडोर और आउटडोर स्टेडियम का किराया बहुत कम होने पर उसे तत्काल बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने जिला खेल

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने खेल गतिविधियों को लेकर श्री करणी सिंह स्टेडियम में खेल प्रशिक्षकों की बैठक ली।

अधिकारी से विभिन्न खेलों के कोच द्वारा उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था और उनके द्वारा खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने की संख्या के बारे में संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं मिलने पर कहा कि सभी कोच के लिए सुबह शाम बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जायेगी। जिला कलेक्टर ने नगर निगम को संबंधित खेल स्थानों पर जल्द से जल्द

- **श्री करणी सिंह स्टेडियम में लगे सभी 16 सीसीटीवी कैमरे बंद मिले**

बायोमेट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए। स्टेडियम में लगे सभी 16 सीसीटीवी बंद मिलने पर संबंधित अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरे चालू करने के निर्देश दिए। स्टेडियम परिसर में बने कमरों के निरीक्षण के दौरान वहां गंदगी मिलने और ताला लगा होने पर नाराजगी जताई। बैठक में नगर निगम कमिश्नर मयंक मनीष, एडीएम सिटी रमेश देव, निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, जिला खेल अधिकारी श्रवण भाम्भू, पीडब्लयूडी अधिशासी अभियंता गहलोत, सहायक अभियंता कमल भोजक, आरएसआरडीसी से महेन्द्र चौपड़ा इत्यादि उपस्थित थे।

वास्तु हमारे जीवन में सुगमता प्रदान करता है : व्यास

बीकानेर, (कासं)। वास्तुविद राजेश व्यास की पुस्तक 'सुफल वास्तु' का रविवार को बेसिक सभागार में विमोचन किया। मुक्ति संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास मौजूद थे। उन्होंने कहा कि वास्तु हमारे जीवन में सुगमता प्रदान करता है। यह पुरातन पद्धति है, जो वास्तव में वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर संचालित होती है। उन्होंने कहा कि राजेश व्यास ने अपनी साधना को पुस्तक के रूप मे प्रकाशित कर इसे जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। इससे वास्तु के सिद्धांतों से आमजन रूबरू हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि बीकानेर के अनेक ज्योतिषियों, वास्तु शास्त्रियों और विद्वान पंडितों ने शहर को नई पहचान दिलाई है।

यहां धर्म, कर्म अध्यात्म की त्रिवेणी बहती है, जो बीकानेर को दूसरे शहरों से अलग बनाती है। अध्यक्षता

राजेश व्यास की पुस्तक सुफल वास्तु का विमोचन उप निदेशक जनसंपर्क डॉ. हरिशंकर आचार्य व साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने किया।

करते हुए वरिष्ठ कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि कुशल वास्तु शास्त्री वह होता है, जो दोष का निदान सरलता, सहजता और कम से कम व्यय में करवाए। वास्तु भयानकता, भय और पीड़ा देने वाला नहीं, दुख दूर करने वाला होता है। राजेश व्यास की वास्तु पुस्तकों की सरलता और सहजता इसकी सबसे बड़ी खूबी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए खेल लेखक मनीष जोशी ने कहा कि आज के भागमभाग के दौर में आमजन का झुकाव ज्योतिष, वास्तु और ऐसी विधाओं की ओर हुआ है।